<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10 जून 2025</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री ने नमो एप के जरिए देश की विकास यात्रा पर जन मन सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की, कहा–सरकार ने तेजी से बड़े पैमाने पर संवेदनशीलता के साथ किए हैं महत्वपूर्ण बदलाव।
- देश के पहले गगनयात्री को अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर ले जाने वाला एक्सिओम फोर मिशन प्रतिकूल मौसम के कारण स्थगित, अब कल शाम साढ़े पांच बजे किया जाएगा प्रक्षेपण।
- केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी ने कल लखनऊ में नक्शा कार्यक्रम की समीक्षा की, कहा– प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में भूमि प्रबंधन की भूमिका महत्वपूर्ण।
- महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आज बहराइच पहुंच कर प्रतिमा का करेंगे अनावरण, विकास कार्यों की भी देंगे सौगात।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने तेजी से बड़े पैमाने पर संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

प्रधानमंत्री ने सभी से नमो ऐप पर देश की पिछले ग्यारह वर्षों की विकास यात्रा पर सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने एक पोर्टल का लिंक भी साझा किया। यहां कोई भी व्यक्ति पिछले ग्यारह वर्षों में भारत की विकास यात्रा के बारे में जन मन सर्वेक्षण में भाग ले सकता है।

**********

देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक तक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। इसी क्रम में आज, हम पूर्वोत्तर भारत की विकास यात्रा के बारे में बता रहे हैं।

***पिछले 11 वर्षों में सरकार ने केवल बुनियादी ढांचे के लिए नहीं बल्कि लोगों के लिए पूर्वोत्तर में निवेश किया है। पीएम–डिवाइन, पूर्वोत्तर विशेष अवसंरचना विकास योजना और आकांक्षी जिला कार्यक्रम जैसी प्रमुख योजनाओं ने जमीनी स्तर पर प्रगति को गति दी है। वन धन योजना के माध्यम से तीन लाख से अधिक आदिवासी संग्रहकर्ताओं को सहायता दी गई है। 434 किसान उत्पादक कंपनियों ने संगठित कृषि–व्यवसाय का समर्थन करके दो लाख से अधिक किसानों को लाभान्वित किया है। यह क्षेत्र जैविक उपज, खाद्य तेल, बांस और एरी सिल्क जैसे पारंपरिक उत्पादों के केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। साक्षरता दर बढ़ी है और मिजोरम को उल्लास मिशन के तहत पूरी तरह से साक्षर घोषित किया गया है। दूसरी ओर असम 15 अस्पतालों के साथ दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा कैंसर देखभाल नेटवर्क बनेगा। सांस्कृतिक उत्सवों, संग्रहालय परियोजनाओं और असम के मोइदम्स के लिए यूनेस्को टैग जैसी वैश्विक मान्यता के माध्यम से पूर्वोत्तर क्षेत्र दुनिया के सामने अपनी पहचान को गर्व से प्रदर्शित कर रहा है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के ग्यारह सृजनशील वर्ष पूरे होने पर कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का यह सशक्त नेतृत्व संकल्प से सिद्धि की एक जीवंत मिसाल है।

***प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ग्यारह वर्षों में देश का विकास, गरीब का विकास, किसान का विकास हुआ, महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ। देश सामरिक दृष्टि से शक्तिशाली हुआ और सत्ताईस करोड़ लोग गरीबी के दलदल में फंसे थे। वो बाहर निकले। आत्मनिर्भर भारत बन रहा है। हम विदेशों पर ही पूरी तरह से निर्भर रहते थे। पहले लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद भारत हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहा है। ये नया भारत है।***

**********

प्रदेश के सिंचाई और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कल श्रावस्ती में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने राप्ती नदी पर पहुंचकर बाढ़ क्षेत्र का दौरा किया और बाढ़ से बचाव के बारे में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने जिले में चल रही सिंचाई परियोजनाओं को पंद्रह जून से पहले पूरा करने के भी निर्देश दिये।

***राप्ती में और बाकी नदियों में भी यहां भयंकर पानी आने के कारण कठिनाई रहती है। लेकिन विभिन्न सिंचाई विभाग के द्वारा राज्य के अंदर हमारी लगभग चार सौ तैंतीस के आसपास परियोजना चल रही है। लगभग एक हजार छह सौ परियोजना पूर्ण की है और ये भी सभी हमारी परियोजना बाढ़ के पहले पूर्ण हो जाए। यानी पंद्रह जून तक हम लक्ष्य रखे हैं।***

**********

देश के पहले गगनयात्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन–आईएसएस पर ले जाने वाले एक्सिओम–फोर मिशन का प्रक्षेपण प्रतिकूल मौसम के कारण कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने बताया कि प्रक्षेपण अब कल शाम साढे पांच बजे किया जाएगा। एक्सिओम स्पेस, नासा, स्पेसएक्स और इसरो का यह संयुक्त मिशन चार अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेसएक्स फाल्कन नौ रॉकेट से आईएसएस ले जाएगा। इसमें लखनऊ के निवासी और वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला भी शामिल हैं। वह अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय होंगे।

**********

केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग के सचिव मनोज जोशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने में भूमि प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कल लखनऊ में नक्शा पायलेट कार्यक्रम के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के दस जिलों में नक्शा कार्यक्रम के तहत शहरी भूमि रिकॉर्ड तैयार किए जा रहे हैं। इससे शहरी नियोजन के साथ संपत्ति कर निर्धारण और विवादों को कम करने में मदद मिलेगी।

**********

महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव के मौके पर आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहराइच जिले में उनकी प्रतिमा का अनावरण करेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर वह बहराइच के समग्र विकास वाली विभिन्न जन कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

**********

मध्य प्रदेश के इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हनीमून यात्रा के दौरान मेघालय के शिलांग में हुई हत्या मामले में उनकी लापता पत्नी सोनम को गाजीपुर से पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि सोनम रघुवंशी गाजीपुर जनपद के नंदगंज थाना क्षेत्र स्थित एक ढाबे से बदहवास स्थिति में मिलीं।

***सोनम रघुवंशी ने अपने परिजनों को फोन किया और बताया कि वो बनारस गाजीपुर मुख्य मार्ग पर काशी ढाबे पर मौजूद हैं। ये जानकारी सोनम रघुवंशी के परिजनों ने इंदौर पुलिस को दी और इंदौर पुलिस ने यूपी पुलिस से संपर्क किया। इस जानकारी पर गाजीपुर पुलिस ने सोनम रघुवंशी को बरामद किया और उन्हें तत्काल हॉस्पिटल ले गए जहां उनकी मेडिकल जांच की गई। उसके बाद वन स्टॉप सेंटर पर सोनम रघुवंशी को भेजा गया। मेघालय पुलिस भी इंदौर में मौजूद थी।***

**********

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान– आईआईवीआर के विशेषज्ञों ने ग्यारह दिनों के दौरान वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, सोनभद्र, संत रविदास नगर और कुशीनगर जिलों के लगभग चौवालिस हजार से अधिक किसानों से संवाद किया और उन्हें कृषि से संबंधित विभिन्न तकनीकी विषेशताओं के बारे में अवगत कराया। वाराणसी में कल एक पत्रकार वार्ता में आईआईवीआर के निदेशक डॉ राजेश कुमार ने यह जानकारी दी।

**********

इक्कीस जून को मनाए जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियां जारी हैं। इसी क्रम में कल उन्नाव जिले में मास्टर योगा ट्रेनर आलोक कुमार द्वारा मां शक्ति योग संस्थान में क्षेत्रीय लोगों के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। गोरखपुर जिले में भी आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के लिए वर्चुअल योग पाठशाला का आयोजन किया गया।

**********

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, समाजवादी चिंतक और पूर्व सांसद स्वर्गीय गौरी शंकर राय की एक सौ एकवीं जन्म जयंती आज बलिया जिले में मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिले के करनई स्थित गौरी शंकर राय कन्या महाविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा और गोष्ठी होगी। कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह और भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

**********

सहारनपुर जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में हलालपुर गांव के पास पूर्वी यमुना नहर में कल चार युवकों की डूब कर मौत हो गई। ये चारों युवक नहर में नहाने गये थे। पानी के तेज बहाव के कारण वह गहरे पानी में चले गये।

**********

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आज और कल तापमान में वृद्धि भी देखने को मिलेगी।

**********